>

Title: Regarding condition of National Highway No. 730 in Lakhimpur, U.P.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): महोदय, 100 से अधिक ऐसे राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, जिनकी सारी प्रक्रिया पूरी हो गई है, लेकिन वन विभाग की एनओसी न मिल पाने के कारण वे प्रारम्भ नहीं हो पा रहे हैं । मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730, जो खुटार-सिसिया120 किलोमीटर चौड़ीकरण होना है और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731, जो पलिया से शाहजहांपुर के बीच बन रहा है, एक वर्ष पूर्व इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, लेकिन वन विभाग की एनओसी न मिल पाने के कारण इसका काम प्रारम्भ नहीं हुआ है । उसका दुखद पहलू यह है, चूँकि प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है, इसलिए सड़क की मरम्मत का काम भी रोक दिया गया है । मरम्मत का काम न होने के कारण वहाँ बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और सड़कें टूटी हुई हैं । इसके कारण दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ी हैं ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि एक नई कार्य-विधि विकसित करें, जिसमें टेंडर आदि प्रक्रिया भले ही पूरी हो जाए, लेकिन जब तक सड़क का काम पूरी तरह से शुरू न हो जाए तब तक मरम्मत के कामों को न रोका जाए । सड़कों, खासकर राष्ट्रीय राजमार्गों की नियमित मरम्मत की व्यवस्था की जाए । यह मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ । धन्यवाद ।